तू मेरा दाता है | By Gaurav Yadav

तेरे दर का हूँ भिखारी तू मेरा दाता है
तू ही मालिक तू देवता तू ही विधाता है
तेरे दर का हूँ भिखारी .....

तेरी तस्वीर ना देखूं तो दिन गुज़रता नहीं
तेरे प्रेमी के अलावा दिल कहीं लगता नहीं
तू ही रास्ता तू ही मंज़िल तू ही ठिकाना है
तेरे दर का हूँ भिखारी .....

झूठी दुनिया ने जब भी मुझको ज़हर पिलाया है
जाने अनजाने में बाबा तुझसे मिलाया है
तू चलाता तू गिराता तू ही उठाता है
तेरे दर का हूँ भिखारी .....

हो मेरे मन दिल की धड़कन तू बस हमारा है
तेरे बिना अब ना मीतू मेरा गुज़ारा है
करू सेवा जो मैं ठाकुर तू ही कराता है
तेरे दर का हूँ भिखारी.....

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%a4%e0%a5%82-%e0%a4%ae%e0%a5%87%e0%a4%b0%e0%a4%be-%e0%a4%a6%e0%a4%be%e0%a4%a4%e0%a4%be-%e0%a4%b9%e0%a5%88-by-gaurav-yadav/